राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

जयपुर, 11 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (12 जनवरी) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द को नमन करते हुए युवा शक्ति से उनके दर्शन, आदर्श और विचारों से प्रेरणा लेते राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया है।

———